**प्रेस नोटःदिनाक 09.06.2022 यातायात पुलिस सिद्धार्थनगर**

**यातायात पुलिस सिद्धार्थनगर द्वारा चलाया गया जागरूकता अभियान, पी0ए0सिस्टम व पम्पलेट के माध्यम से यातायात जागरूकता से संम्बन्धित प्रचार प्रसार किया गया।**

आज दिनांक 09-06-2022 को पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर डॉ0 यशवीर सिंह के आदेश के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक श्री सुरेश चन्द्र रावत के कुशल पर्यवेक्षण व क्षेत्राधिकारी यातायात श्री अखिलेश वर्मा के कुशल निर्देशन में सड़क सुरक्षा अभियान चलाया गया, जिसके अन्तर्गत पी0ए0सिस्टम व पम्पलेट के माध्यम से सनई तिराहा, साड़ी तिराहा, पेट्रोल पम्प तिराहा, सिद्धार्थ तिराहा व पावर हाउस तिराहा आदि स्थानों पर यातायात जागरूकता से संम्बन्धित प्रचार प्रसार किया गया तथा प्रभारी यातायात श्री अमरेश कुमार मय यातायात पुलिस टीम द्वारा 175 वाहनों को चेक किया गया, वाहन चेकिंग के दौरान यातायात नियमों का पालन न करने वाले 31 वाहनों से 30500-रू0 शमन शुल्क की कार्यवाही की गयी तथा आम जनमानस को हेलमेट व सीट बेल्ट धारण करने के पश्चात ही वाहन चलाने और प्रत्येक दशा में यातायात नियमों का पालन करने हेतु प्रेरित किया गया जिससे सड़क दुर्घटनाओं में होने वाली संख्या में भारी कमी लायी जा सके।

**प्रेस नोट दिनांक 09.06.2022**

**आई0जी0आर0एस0 पोर्टल पर जनशिकायतों के निस्तारण में प्रदेश स्तरीय मासिक रैकिंग में माह मई, 2022 में जनपद सिद्धार्थनगर को प्रदेश में प्रथम स्थान प्राप्त हुआ-**

जनपद सिद्धार्थनगर पुलिस को आई0जी0आर0एस0 पोर्टल पर जनशिकायतों के निस्तारण में प्रदेश स्तरीय रैंकिग में प्रथम स्थान प्राप्त हुआ है। पुलिस अधीक्षक डॉ0 यशवीर सिंह के कुशल नेतृत्व एवं अपर पुलिस अधीक्षक (नोडल/पर्यवेक्षण अधिकारी) श्री सुरेश चन्द्र रावत के कुशल मार्गदर्शन में जनपद के समस्त थाना प्रभारी/थानाध्यक्षों को आवश्यक निर्देश दिये है कि थाने पर उपस्थित पीड़ित/शिकायतकर्ता के साथ अच्छा तालमेल एवं उनके साथ अच्छे से व्यवहार कर गुण-दोष के आधार पर उभयपक्ष के विरूद्ध नियमानुसार विधिक कार्यवाही करें। गौरतलब है कि जनशिकायतों का निस्तारण आनलाईन किया जाता है। पोर्टल पर प्राप्त संदर्भों का एक निश्चित समय दिया जाता है, जिसे उन संदर्भों को नियत समयावधि के अन्तर्गत निस्तारण किया जाना अनिवार्य है। पोर्टल पर विभिन्न माध्यमों से प्राप्त संदर्भों की जॉच हेतु जॉचकर्ता अधिकारी द्वारा मौके पर जाकर प्रकरण का निष्पक्ष एवं गुणवत्तापरक जॉच कर नियमानुसार विधिक कार्यवाही किया जाता है, उल्लेखनीय है कि आई0जी0आर0एस0 पोर्टल पर प्राप्त संदर्भों का गुणवत्तापरक निस्तारण में माह-मई, 2022 की प्रदेश स्तरीय मासिक रैकिंग में जनपद सिद्धार्थनगर पुलिस को प्रथम स्थान प्राप्त हुआ है। अपर पुलिस अधीक्षक (नोडल/पर्यवेक्षण अधिकारी) श्री सुरेश चन्द्र रावत द्वारा बताया गया कि जनपद में आई0जी0आर0एस0 पोर्टल पर शासन एवं पुलिस अधिकारियों के स्तर से प्राप्त समस्त संदर्भों का गहराई एवं निष्पक्ष जॉच हेतु निरन्तर देखा जाता है। पोर्टल पर प्राप्त संदर्भों की जॉच आख्या प्राप्त होने पर जॉच आख्याओं का गहनता से परीक्षण किया जाता है। जॉच पुष्टि कारक न होने पर उक्त संदर्भ को पुनः जॉच के लिए सम्बन्घित अधिकारी को कड़े निर्देश के साथ वापस कर दी जाती है।

**नियुक्त कर्मचारीगण-**

1. उ0नि0 श्री राजेश कुमार तिवारी (प्रभारी आई0जी0आर0एस0)
2. का0 कृष्णमोहन मिश्रा
3. का0 प्रिंस कुमार सिंह
4. का0 विरेन्द्र विक्रम सिंह
5. का0 कमलेश यादव

## प्रेस नोट थाना ढेबरूआ जनपद सिद्धार्थनगर

## थाना ढेबरुआ पर अधिकारी /कर्मचारीगण की गोष्ठी

डॉ यशवीर सिंह, पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के आदेश पर एवं श्री सुरेश चन्द रावत, अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के निर्देश पर आज दिनांक 09/06/2022 को थानाध्यक्ष ढेबरुआ श्री हरिओम कुशवाहा की अध्यक्षता में थाना परिसर में सभी अधिकारी/कर्मचारीगण की गोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसमे थाना क्षेत्र के विभिन्न पहलुओं पर विस्तार से चर्चा की गई तथा अपराध व अपराधियों पर अंकुश हेतु कार्य योजना पर गहनता से विचार किया गया। थानाध्यक्ष महोदय द्वारा सभी से उनकी समस्याओं के बारे में पूछा गया किसी ने कोई समस्या नहीं बताई सभी ने कुशलता प्रकट की तथा टीम भावना से कार्य करने की प्रतिबद्धता जताई

प्रेस नोट-थाना भवानी गंज जनपद सिद्धार्थ नगर दिनांक 09.06.2022

महिला सशक्तिकरण के क्रम में महिला बीट पुलिस अधिकारी द्वारा चलाया गया जागरुकता अभियान

===========

डॉ0 यशवीर सिंह पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर द्वारा "महिला सशक्तिकरण व महिलाओं के सुरक्षा एवं जागरूकता अभियान" के संबंध में दिए गए निर्देश के अनुपालन में व श्री सुरेश चंद्र रावत अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर व के दिशा निर्देश श्री अजय कुमार श्रीवा. क्षेत्राधिकारी डुमरियागंज के कुशल पर्यवेक्षण में आज दिनांक 09.06.2022 को श्री महेश सिंह,-थानाध्यक्ष थाना भवानीगंज जनपद सिद्धार्थनगर के कुशल नेतृत्व में महिला बीट पुलिस अधिकारी , महिला का.रेखा यादव व प्रेमशीला सरोज द्वारा महिलाओं ,बच्चो के साथ महिला सम्बन्धी अपराध, महिला सुरक्षा के संबंध में ग्राम अहिरौला तोला सोनबरसा में जागरूकता अभियान के तहत महिलाओं को जागरूक किया गया तथा महिला सम्वन्धी अपराध पर अंकुश लगाने हेतु शासन द्वारा जारी हेल्प लाइन 1090 वुमेन पावर लाइन, 181 महिला हेल्प लाइन, 1076 मा.मुख्यमंत्री हेल्प लाइन, 112 पुलिस आपात हेल्प लाइन, 1098 चाईल्ड लाइन के सम्वन्ध में विस्तृत रुप से जानकारी देते हुए जागरूक किया गया।

प्रेस नोट-थाना पथरा बाजार जनपद सिद्धार्थ नगर दिनांक 09.06.2022

महिला सशक्तिकरण व साइबर हेल्प लाइन के क्रम में महिला बीट पुलिस अधिकारी व महिला हेल्प डेस्क अधिकारी द्वारा चलाया गया जागरुकता अभियान

===========

डॉ0 यशवीर सिंह पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर द्वारा "महिला सशक्तिकरण व महिलाओं के सुरक्षा एवं जागरूकता अभियान" के संबंध में दिए गए निर्देश के क्रम में व श्री सुरेश चंद्र रावत अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर व श्री अजय कुमार श्री वास्तव क्षेत्राधिकारी डुमरिया गंज के कुशल पर्यवेक्षण में आज दिनांक 09.06.2022 को श्री बलजीत कुमार राव प्रभारी निरीक्षक थाना पथरा बाजार सिद्धार्थनगर के निर्देशन में महिला बीट पुलिस अधिकारी, महिला आरक्षी ओमलता शुक्ला द्वारा महिलाओं ,बच्चो के साथ महिला सम्बन्धी अपराध, महिला सुरक्षा के सम्बन्ध मे सुमहा मे जागरूकता अभियान के तहत महिलाओ को जागरूक किया गया तथा महिलाओं व बच्चियों को महिला सम्वन्धी अपराध एवं साइबर सम्बन्धी अपराध पर अंकुश लगाने हेतु जारी हेल्प लाइन 1090 वुमेन पावर लाइन, 181 महिला हेल्प लाइन, 1076 मुख्यमंत्री हेल्प लाइन, 112 पुलिस हेल्प लाइन, 1098 चाईल्ड एवं साइबर हेल्प लाइन 1930 के सम्वन्ध में जानकारी दी गई।

## प्रेस नोट दिनाँक 09.06.2022 थाना चिल्हिया

डॉ यशवीर सिंह, पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के आदेश पर एवं श्री सुरेश चन्द रावत, अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के निर्देश पर व श्री हरीश चंद्र क्षेत्राधिकारी शोहरतगढ़ के कुशल पर्यवेक्षण में थानाध्यक्ष श्री राजेश कुमार मौर्य थाना चिल्हिया जनपद सिद्धार्थनगर के नेतृत्व में आज दिनांक 09.06.2022 को महिला बीट पुलिस अधिकारी म0का0 कौशल्या मद्धेशिया व म0का0 प्रिया चौहान द्वारा ग्राम अली दापुर गोरा बाजार में महिलाओं व बालिकाओं को एकत्रित कर उनके सम्मान एवं स्वालंबन मिशन शक्ति अभियान के दृष्टिगत सरकार द्वारा चलाये गये मिशन शक्ति अभियान एवं महिला सुरक्षा सम्बन्धी योजनाओ, सुरक्षा कार्यक्रम के उद्देश्य एवं महिला सम्बन्धी अधिकारो के बारे जानकारी दी गयी और शासन द्वारा जारी हेल्पलाइन न0 - 112,181,1076,1090,1098,102,108 आदि के बारे मे भी बताया गया तथा 1090 पम्पलेट का वितरण किया गया।

## प्रेस नोट- दिनांक 09.06.2022 थाना चिल्हिया
## सैनिक सम्मेलन थाना चिल्हिया

डॉ. यशवीर सिंह पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के आदेश के क्रम में, श्री सुरेश चन्द्र रावत अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के कुशल निर्देशन व श्री हरीशचन्द क्षेत्राधिकारी शोहरतगढ सिद्धार्थनगर के कुशल पर्वेक्षण में आज दिनांक 09.06.2022 श्री राजेश कुमार मौर्य थानाध्यक्ष थाना चिल्हिया के द्वारा थाना स्थानीय पर सैनिक सम्मेलन किया गया। सभी अधिकारी कर्मचारी गण मौजूद रहे बारी-बारी से सभी अधिकारी-कर्मचारी गण से वार्ता किया गया। किसी अधिकारी- कर्मचारी गण द्वारा कोई समस्या नहीं बताया गया।

## प्रेस नोट-थाना पथरा बाजार दिनांक 09.06.2022
## नवागत प्रभारी निरीक्षक थाना पथरा बाजार द्वारा थाने पर नियुक्त समस्त अधिकारी/कर्मचारीगण के साथ गोष्ठी कर कानून-व्यवस्था बनाये रखने हेतु अग्रिम योजनाओं पर विचार-विमर्श किया गया।

आज दिनांक 09/06/2022 को श्री बलजीत कुमार राव, प्रभारी निरीक्षक थाना पथरा बाजार जनपद सिद्धार्थ नगर की अध्यक्षता में थाना परिसर में सभी अधिकारी/कर्मचारीगण की गोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसमे थाना क्षेत्र के विभिन्न पहलुओं पर विस्तार से चर्चा की गई तथा अपराध व अपराधियों पर अंकुश हेतु कार्य योजना पर गहनता से विचार किया गया। प्रभारी निरीक्षक द्वारा सभी से उनकी समस्याओं के बारे में पूछा गया, सभी ने कुशलता प्रकट की तथा टीम भावना से कार्य करने की प्रतिबद्धता जताई। बीट रोस्टर, महिला सशक्तिकरण एवं भूमि विवाद संबंधी विषयों पर गहन चर्चा की गयी।

## प्रेस नोट दिनांक 09.06.2022 थाना मोहाना
## थाना मोहाना पर पंजीकृत मु0 अ0 सं0 117/2022 धारा 323,504,506 से संबंधित अभियुक्त दिलीप यादव को थाना मोहाना पुलिस ने किया गिरफ्तार, भेजा गया न्यायालय।

डॉ0 यशवीर सिंह, पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के आदेश के क्रम में श्री सुरेश चन्द रावत, अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के कुशल पर्यवेक्षण व श्री प्रदीप कुमार यादव, क्षेत्राधिकारी सदर के निर्देश पर प्रभारी निरीक्षक मोहाना श्री संतोष कुमार सिंह थाना मोहाना जनपद सिद्धार्थनगर के नेतृत्व में आज दिनांक 09.06.2022 को अपराध एंव अपराधियों के बिरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के तहत थाना स्थानीय पर पंजीकृत मु0अ0सं0 117/2022 धारा 323,504,506 से संबंधित अभियुक्त दिलीप यादव को बर्डपुर से गिरफ्तार कर धारा 151,107,116 सीआरपीसी के तहत माननीय न्यायालय भेजा गया।

**अभियुक्त का विवरण -**

1. दिलीप यादव पुत्र दयानंद यादव सा0 महादेवा कुर्मी थाना कपिलवस्तु जनपद सिद्धार्थनगर

**गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम**

1. उ0नि0 सभासंकर यादव चौकी प्रभारी शुद्धोधन थाना मोहाना जनपद सिद्धार्थनगर
2. का0 विशाल वर्मा थाना मोहाना जनपद सिद्धार्थनगर
3. का0 संदीप प्रजापति थाना मोहना जनपद सिद्धार्थनगर

**प्रेस नोट दिनांक 09.06.2022 थाना मोहाना**

**एएचटीयू/बाल कल्याण समिति सिद्धार्थनगर द्वारा रेलवे स्टेशन, बस अड्डे, स्कूल प्रमुख चौराहा तहसील आदि पर बाल श्रम/बाल भिक्षावृत्ति रेस्क्यू अभियान चलाया गया।**

डॉ0 यशवीर सिंह, पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के आदेश के क्रम में श्री सुरेश चन्द रावत, अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के कुशल पर्यवेक्षण में आज दिनांक 09/06/2022 को एएचटीयू/बाल कल्याण समिति द्वारा बाल श्रम/बाल भिक्षावृत्ति रेस्क्यू अभियान के अंतर्गत रेलवे स्टेशन बस अड्डे, स्कूल प्रमुख चौराहा तहसील आदि पर अभियान चलाते हुए बाल भिक्षावृत्ति /बाल श्रम रेस्क्यू अभियान के संबंध में जागरूक कर अभियान चलाया एवं रेस्क्यू किए गए बालक को सीडब्ल्यूसी के समक्ष प्रस्तुत किया गया तत्पश्वात् सीडब्ल्यूसी के द्वारा बच्चे को उसके परिजन को सुपुर्द किया गया।

**रेस्क्यू करने वाली टीम का नाम**

1, निरीक्षक श्री बृजेश सिंह प्रभारी एएचटीयू जनपद सिद्धार्थनगर
2, मुख्य आरक्षी देवेंद्र यादव एएचटीयू जनपद सिद्धार्थनगर
3, आरक्षी पंकज प्रसाद भारती एएचटीयू जनपद सिद्धार्थनगर

**प्रेस नोट दिनाँकः- 09.06.2022 थाना लोटन**

**थाना लोटन जनपद सिद्धार्थनगर से 03 बोरी यूरिया खाद, 1 अदद टी.वी.एस. मोटर सायकिल व गिरफ्तार 02 नफर अभियुक्त अन्तर्गत धारा 11कस्टम अधि. में गिरफ्तार कर कस्टम कार्यालय ककरहवा भेजा गया।**

डॉ. यशवीर सिंह पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के आदेश के क्रम में अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के अन्तर्गत श्री सुरेश चन्द्र रावत अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के कुशल पर्यवेक्षण में व श्री प्रदीप कुमार यादव क्षेत्राधिकारी सदर के कुशल निर्देशन व प्रभारी निरीक्षक लोटन श्री देवनन्दन उपाध्याय के नेतृत्व में आज दिनांक 09.06.2022 को एक अदद मोटरसाईकिल टी.वी.एस., 03 बोरी यूरिया खाद की तस्करी होने से रोकने के लिए धारा 11 कस्टम अधिनियम की कार्यवाही के अन्तर्गत 02 अभियुक्त को मय एक अदद मोटरसायकिल टी.वी.एस, 03 बोरी यूरिया खाद समय करीब 11.05 बजे गिरफ्तार कर कस्टम कार्यालय ककरहवा भेजा गया।

**गिरफ्तार अभियुक्त का विवरणः-**

1. विजय पुत्र शिव प्रसाद साकिन ठोठरी थाना लोटन जनपद सि.नगर उम्र करीब 20 वर्ष
2. बरकत अली पुत्र मुबारक अली साकिन ठोठरी थाना लोटन जनपद सि.नगर उम्र करीब 21 वर्ष

**बरामदगी का विवरणः-**एक अदद मोटर साईकिल टी.वी.एस., 03 बोरी यूरिया खाद

**गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम का विवरणः-**

1. उ0नि0 राकेश कुमार थाना कोतवाली लोटन जनपद सिद्धार्थनगर
2.का. बबलू प्रसाद थाना कोतवाली लोटन जनपद सिद्धार्थनगर
3 का. हरिकेश कुमार थाना कोतवाली लोटन जनपद सिद्धार्थनगर
4. का. रविंद्र यादव थाना कोतवाली लोटन जनपद सिद्धार्थनगर

***प्रेस नोट दिनांक 09.06.2022 थाना डुमरियागंज***

***साम्प्रदायिक/धार्मिक सद्भाव बिगाड़ने वाले व्यक्ति को डुमरियागंज पुलिस द्वारा यथाशीघ्र गिरफ्तार कर आवश्यक कार्यवाही की गयी।***

डॉ. यशवीर सिंह, पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के आदेश के क्रम में अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के अन्तर्गत श्री सुरेश चन्द्र रावत, अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के कुशल पर्यवेक्षण में व श्री अजय कुमार श्रीवास्तव क्षेत्राधिकारी डुमरियागंज के कुशल निर्देशन व श्री सूर्यभान सिंह, प्रभारी निरीक्षक डुमरियागंज के नेतृत्व में आज दिनांक 09.06.2022 को साम्प्रदायिक/धार्मिक सद्भाव बिगाड़ने वाले व्यक्ति राजकुमार पुत्र प्रहलाद वार्ड नं. 13 हबीबुल्लाह नगर थाना डुमरियागंज जनपद सिद्धार्थनगर के विरूद्ध अभियोग पंजीकृत कर डुमरियागंज पुलिस द्वारा यथाशीघ्र गिरफ्तार कर आवश्यक कार्यवाही की गयी।

**किसी भी व्यक्ति द्वारा भविष्य में सोशल मीडिया के माध्यम से धार्मिक/साम्प्रदायिक सौहार्द बिगाड़ने/उन्माद फैलाने का प्रयास करेगा तो उसके विरूद्ध भी वैधानिक कार्यवाही की जायेगी।**